**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**25.07.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे**

**आज के मुख्य समाचार ..................**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– पेपर लीक जैसी घटनाओं पर रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए सख्त कानून लाएगी सरकार।

- राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी में सुधार को लेकर सरकार का रवैया सख्त–पेपर लीक मामले में 47 अधिकारी बर्खास्त।

- राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने कहा– 51 शक्तिपीठ भारत की आध्यात्मिक विरासत व राष्ट्रीय एकता के सशक्त प्रतीक।

- कारगिल विजय दिवस के 2 दिवसीय स्मारक कार्यक्रम आज से शुरू–कारगिल युद्ध में अपने प्राणों की आहूति देने वाले वीर जवानों को दी जाएगी श्रद्धाजंलि।

- चंबा का अन्र्तराष्ट्रीय मिजंर मेला कल से होगा शुरू–राज्यपाल करेंगे शुभारंभ।

अब समाचार विस्तार से...........

**प्रधानमंत्री – वीडियो**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेपर लीक मामले में सख्त कानून लाने को लेकर जारी किए गए अपने वीडियो संदेश पर मिले लोगों के सुझावों और प्रतिक्रियाओं के लिए आभार व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पेपर लीक जैसी घटनाओं पर रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए नया विधेयक संसद के मौजूदा सत्र में अगले सप्ताह पेश किया जाएगा। इस विधेयक के मसौदे को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जनता के साथ उनका रिश्ता, विश्वास और सहयोग पर आधारित है और यह जुड़ाव आगे भी लगातार मजबूत होता रहेगा।

वहीं, प्रधानमंत्री मोदी के इंस्टाग्राम वीडियो ने नया रिकॅार्ड बनाया है। इस वीडियो को 24 घंटे में 30 करोड़ 30 लाख से अधिक बार देखा गया है। इसके साथ ही यह दुनिया में सबसे अधिक देखा जाने वाला वीडियो बन गया है। इससे पहले यह रिकॅार्ड 30 करोड़ व्यूज का था।

**बर्खास्त**

केन्द्र सरकार ने सख्त रूख अपनाते हुए परीक्षा एजेंसी के 47 अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक इनमें से कुछ अधिकारियों के खिलाफ कानूनी और आपराधिक कार्रवाई भी की जाएगी। यह परीक्षा व्यवस्था में बड़े सुधार लाने की दिशा में अहम कदम है। साथ ही पेपर लीक के मामलों को लेकर विवादों में रही एजेंसी में किए जा रहे व्यापक बदलावों का हिस्सा भी है।

**सरकार– सीजेपी बातचीत**

केन्द्र सरकार परीक्षा प्रणाली में सुधार और पेपर लीक रोकने के उपायों से जुड़ी मांगों को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी–सीजेपी के प्रतिनिधिमंडल के साथ आज एक और दौर की बातचीत करेगी। इससे पहले कल भी नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और डॉ. जितेंद्र सिंह ने सीजेपी प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की थी। जिसके बाद जे.पी. नड्डा ने बताया कि बैठक में परीक्षा प्रणाली में सुधार को लेकर सीजेपी की मांगों को ध्यानपूर्वक सुना गया है। उन्होंने बताया कि सीजेपी ने तीन प्रमुख मांगें रखी हैं और परीक्षा पेपर लीक रोकने के लिए कुछ सुधारों के सुझाव भी दिए हैं।

**राज्यपाल**

राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा है कि 51 शक्तिपीठ भारत की आध्यात्मिक विरासत और राष्ट्रीय एकता के सशक्त प्रतीक है। श्री माता वैष्णों देवी विश्वविद्यालय कटरा में चार दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी शक्तिमीमांसा के शुभारम्भ सत्र को संबोधित करते

हुए उन्होंने कहा कि शक्ति केवल अराधना का विषय नहीं बल्कि सृजन ज्ञान करूणा साहस और राष्ट्र चेतना की शाश्वत ऊर्जा है। राज्यपाल ने शक्ति परम्परा के वैज्ञानिक अध्ययन डिजीटल प्रलेखन और वैश्विक प्रचार प्रसार पर बल दिया। राज्यपाल ने इस अवसर पर युवा पीढ़ी से आधुनिक ज्ञान के साथ साथ अपनी सांस्कृतिक जड़ों और भारतीय ज्ञान परम्परा से जुड़ने की भी अपील की ।

**<u>कारगिल युद्ध स्मारक</u>**

लद्दाख के द्रास में स्थित कारगिल युद्ध स्मारक, ऑपरेशन विजय में भारत की विजय की याद में मनाए जाने वाले 27वें कारगिल विजय दिवस के भव्य समारोहों की मेजबानी के लिए पूरी तरह से तैयार है। दो दिवसीय स्मारक कार्यक्रम आज से शुरू होंगे, जिसमें 1999 के कारगिल युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों के साहस और सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

आज के कार्यक्रम में लामोचेन व्यू प्वाइंट पर युद्ध स्मरण, विश्वनाथन स्टेडियम में गौरवमय संस्कृति, विजय भोज और कारगिल युद्ध स्मारक पर शौर्य संध्या समारोह शामिल हैं, जिसमें पूर्व सैनिक, शहीदों के परिजनों, वरिष्ठ सेना अधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित किया जाएगा।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कल श्रद्धांजलि समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। वे स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे और एक जनसभा को संबोधित करेंगे। रक्षा मंत्री वीर नारियों और वीर माताओं से बातचीत करेंगे और शौर्य विजय यात्रा मोटरसाइकिल रैली को हरी झंडी दिखाएंगे। कारगिल युद्ध स्मारक उन बहादुर सैनिकों के प्रति राष्ट्र की कृतज्ञता को दर्शाता है, जिनके साहस और बलिदान ने देश की संप्रभुता की रक्षा की।

**<u>मेरा युवा भारत</u>**

केंद्र सरकार के युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय के तहत मेरा युवा भारत योजना के माध्यम से युवाओं के विकास, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र निर्माण के लिए एक डिजिटल और भौतिक मंच प्रदान किया जा रहा है। ऊना में मेरा युवा भारत की जिला सलाहकार समिति की बैठक में ज़िले के ग्रामीण युवाओं में नेतृत्व के गुणों और उनका व्यक्तित्व विकास, साक्षरता, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तिकरण जैसे सामाजिक मुद्दों पर जागरूक करने बारे विस्तार से चर्चा की गई।

**<u>मिंजर मेला</u>**

चंबा का अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेला कल 26 जुलाई से शुरू हो रहा है और प्रशासन ने मेले को लेकर सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं। राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता इस मेले का शुभारंभ करेंगे। मक्की की फसल में मिंजर आने की खुशी में प्राचीन काल से ही ये मेला मनाया जाता है।

***वर्ष पर चंबा जिला के लोगों को मेजर मेले का इंतजार रहता है और आजकल से चली आ रही मिंजर मेले की <u>परंपरा का निर्माण आज भी किया जा रहा है इस परंपरा को सही से रखने के लिए सरकारी व प्रशासनिक स्तर पर किए जाने वाले प्रयास सराहनीय हैं मेले का मुख्य आकर्षण रहने वाली संस्कृत संध्याओं के दौरान इस वर्ष पार्श्व व पंजाबी गायको को बुलाने के साथ हिमाचली कलाकारों को भी प्राथमिकता के आधार पर मंच उपलब्ध कराया जाएगा आकाशवाणी के लिए चंबा से विकास ठाकुर</u>***

**<u>मौसम</u>**

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं जबकि लाहौल स्पिति और चंबा जिले में सुबह से रूक रूक कर हल्की वर्षा हो रही है। प्रदेश में वर्षा के कारण हुए भूस्खलन के चलते 121 सड़क मार्ग अवरूद्ध हैं जबकि 63 बिजली ट्रांसफार्मर और 179 पेयजल योजनायें भी प्रभावित हैं। मौसम विभाग ने आज ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, चंबा, कांगड़ा, कुल्लू और मंडी जिलों में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने प्रदेश के अन्य स्थानों पर हल्की वर्षा की संभावना जताई है।

**<u>अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....</u>**

आज सभी समाचार पत्रों ने लाहौल स्पिति में कल हुए दर्दनाक हादसे से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– **टाटा सूमों पर टूटा पहाड़, 13 लोगों की मौत– लाहौल स्पिति के कद्दू नाला के पास चट्टानों के नीचे दबा वाहन।** दैनिक भास्कर शब्द हैं– **लाहौल में पहाड़ी टूटकर टैक्सी पर गिरी 6 महीने की बच्ची समेत 13 की मौत।**

अमर उजाला लिखता है– **2010 बैच के अनुबंध लेक्चररों को नियमित करने के फैसले पर रोक–4 अक्तुबर 2024 को एकल पीठ ने दिया था निर्णय।**

पंजाब केसरी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है– **शिक्षण संस्थानों में विदेशी भाषाओं के नए पाठ्यक्रम किए जाएंगे शुरू।**

दिव्य हिमाचल की एक खबर है–**हिमकेयर में 3 सौ करोड़ के क्लेम विजिलेंस राडार पर।**

**'अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– पेपर लीक जैसी घटनाओं पर रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए सख्त कानून लाएगी सरकार।

- राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी में सुधार को लेकर सरकार का रवैया सख्त–पेपर लीक मामले में 47 अधिकारी बर्खास्त।

- राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने कहा– 51 शक्तिपीठ भारत की आध्यात्मिक विरासत व राष्ट्रीय एकता के सशक्त प्रतीक।

- कारगिल विजय दिवस के 2 दिवसीय स्मारक कार्यक्रम आज से शुरू–कारगिल युद्ध में अपने प्राणों की आहूति देने वाले वीर जवानों को दी जाएगी श्रध्दांजलि।

- चंबा का अन्र्तराष्ट्रीय मिजंर मेला कल से होगा शुरू–राज्यपाल करेंगे शुभारंभ।

**इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं सुबह 11 बजे, नमस्कार ।**